कानपुर, गुरुवार, 16 अप्रैल, 2026

जागरण सिटी

वेदिका, 98.4 % सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर

हौसले की उड़ान, पा लिया मुकाम

देर शाम जारी हुआ सीबीएसई का दसवीं के परीक्षा परिणाम, स्कूलों में उत्सव सा माहौल

मेधा की उड़ान

12 हजार से छात्र व छात्राएं शामिल हुए थे परीक्षा में

99.8 % अंक डीपीएस आजाद नगर की छात्रा अविका अग्रवाल ने हासिल किए

99.4 % अंक स्कोमिया एकेडमी नौबस्ता के छात्र अनुज यादव को हासिल किए

99.2 % अंक सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर की छात्रा अवनि मिश्रा को मिले

92 % रहा सीबीएसई दसवीं का ओवरआल परिणाम

जागरण संवाददाता, कानपुर : केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बुधवार को दसवीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया। परीक्षा में इस बार शहर के 12 हजार छात्र व छात्राएं शामिल हुए थे। बोर्ड के जानकार बताते हैं कि लखनऊ रीजन के अंतर्गत कानपुर जिले में करीब 92 प्रतिशत ओवरआल परिणाम रहा है। इस बार भी सीबीएसई ने मेधावियों की अधिकृत सूची जारी नहीं की। स्कूलों ने विद्यार्थियों के अंकों की गणना के आधार पर टापर होने का दावा किया है।

इसके तहत डीपीएस आजाद नगर की छात्रा अविका अग्रवाल ने 99.8, स्कोमिया एकेडमी नौबस्ता के छात्र अनुज यादव ने 99.4, सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर कमला नगर की छात्रा अवनि मिश्रा ने 99.2, डीपीएस कल्याणपुर की छात्रा चारू चौहान ने 99 और गार्डेनिया पब्लिक स्कूल के छात्र अनमोल ने 99 प्रतिशत अंक पाकर शहर का मान बढ़ाया। बुधवार शाम परिणाम की घोषणा किए जाते ही सीबीएसई स्कूलों में रौनक बढ़ गई है। पूर्ण चन्द्र विद्या निकेतन बर्रा, डीपीएस आजाद नगर, डीपीएस कल्याणपुर, चिन्टल्स कल्याणपुर और सनातन धर्म एजुकेशन सेंटर, केंद्रीय विद्यालयों समेत शहर के कई सीबीएसई स्कूलों में छात्र-छात्राएं रिजल्ट को लेकर चर्चा करते नजर आए।

समय प्रबंधन को अपनाकर की तैयारी

सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर, कमला नगर में 10वीं की छात्रा अवनी मिश्रा ने 99 .2 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल में टाप किया है। लाजपत नगर निवासी अवनी के पिता पापा अभिषेक मिश्रा आइटी प्रोफेशनल हैं। मां प्रियंका मिश्रा विदेश में हिंदी सिखाती हैं। अवनी ने बताया कि समय प्रबंधन को अपनाया और रोजाना सात से आठ घंटे पढ़ाई की। इंटरनेट मीडिया का उपयोग पढ़ाई करने के लिए किया। सोशल साइंस स्टडीज में कमजोर थी। शिक्षक की मदद से विषय संबंधी सैंपल पेपर को हल करने का अभ्यास किया। मां प्रियंका ने बताया कि अवनी को आर्ट, कविता लिखना और गिटार बजाना भाता है। अब आइआइटी से इंजीनियरिंग कर करियर बनाने का लक्ष्य है।

अवनि मिश्रा, सर पद्मपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर

दैनिक जागरण
कानपुर, गुरुवार, 16 अप्रैल, 2026

बीते साल के मुकाबले 22 दिन पहले आया रिजल्ट

जागरण संवाददाता कानपुर : सीबीएसई बोर्ड ने पिछले साल 13 मई को परिणाम जारी किया था। इस बार बोर्ड ने 22 दिन पहले 10वीं का परिणाम जारी कर दिया। इस बार अभी तक यूपी बोर्ड और सीआइएससीई का रिजल्ट घोषित नहीं किया गया है। परीक्षा खत्म होने के बाद सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों के शिक्षक, विद्यार्थी और स्वजन परिणाम जारी होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। सीबीएसई ने बच्चों के डिजी लाकर में परिणाम जारी किया। बच्चों ने घर पर ही मोबाइल पर परिणाम देखा। स्कूल प्रबंधन और प्रधानाचार्यों को शाम को जैसे ही परिणाम जारी होने की जानकारी हुई, उन्होंने विद्यार्थियों को स्कूल बुला लिया। विद्यार्थियों के अंकों की गणना करने के बाद सर्वाधिक अंक प्रतिशत का पता चलते ही उत्सव सा माहौल बन गया। मेधावियों ने स्कूल में अपने दोस्तों व शिक्षकों के बीच पहुंचकर सेल्फी ली और खुशी के पहल सहेजे। ये नजारा सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध अधिकांश स्कूलों में देखने को मिला।

- डिजी लाकर में जारी किया गया परिणाम
- बच्चों ने घर पर ही मोबाइल पर देखा रिजल्ट

सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर खुशी मनाते सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर के छात्र-छात्राएं● जागरण

दसवीं के बीते साल के आंकड़े एक नजर में

	सत्र 2023-24			सत्र 2024-25			सत्र 2025-26		
	कुल छात्र	उत्तीर्ण	पास प्रतिशत	कुल छात्र	उत्तीर्ण	पास प्रतिशत	कुल छात्र	उत्तीर्ण	पास प्रतिशत
	13,053	12,550	96.14	12,530	11,652	93	12,000	11,104	92.54

100 प्रतिशत रहा पूर्णचन्द्र विद्यानिकेतन का परिणाम, विद्यार्थियों ने भरी मेधा की उड़ान